सचिन पायलट
विधायक–टोंक

सत्यमेव जयते

निवास :
11, सिविल लाईन्स, जयपुर।
फोन : 0141-2220000
officeofsachinpilotjpr@gmail.com

क्रमांक : 3762
दिनांक : 31–12–2022

माननीय श्री जी. किशन रेड्डी जी,

मैं आपका ध्यान केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा हालही में जैन समुदाय के पवित्र तीर्थ स्थल श्री सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल घोषित किये जाने से जैन समुदाय में व्याप्त भारी आक्रोश की ओर आकर्षित करना चाहता हूं।

श्री सम्मेद शिखरजी पारसनाथ पर्वतराज जैन समुदाय की आस्था का प्रमुख केन्द्र है। पर्यटन मंत्रालय द्वारा श्री सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल घोषित किये जाने से जैन समुदाय की आस्था को गहरा आघात लगा है। जैन धर्मावम्बियों में इस धार्मिक, भावनात्मक और संवेदनशील मुद्दें पर केन्द्र सरकार के रवैये के खिलाफ असंतोष व्याप्त है तथा देश के विभिन्न हिस्सों में जैन समुदाय केन्द्र सरकार के इस निर्णय के विरोध में आन्दोलनरत् है।

अतः मेरा आपसे अनुरोध है कि जनभावना को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा श्री सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल घोषित किये जाने के निर्णय पर पुनः विचार करने का कष्ट करें।

सादर,

(सचिन पायलट)

श्री जी. किशन रेड्डी जी,
माननीय केन्द्रीय पर्यटन मंत्री,
भारत सरकार, नई दिल्ली।